# बिहार लोक सेवा आयोग
# 64वीं मुख्य परीक्षा
# (सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र-1)
# प्रैक्टिस पेपर-I

*अनुदेश:*

- उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- खंड-I एवं खंड-II प्रत्येक में से **तीन-तीन** प्रश्न तथा खंड-III से **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए कुल **आठ** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न खंडों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

## खंड-I

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 300**

1. 1857 की क्रांति में कुँवर सिंह की भूमिका का परीक्षण कीजिये।
2. बिहार के विशेष संदर्भ में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं के योगदान की चर्चा कीजिये।
3. पाल कला पर प्रकाश डालिये तथा बिहार में इसके प्रभाव का विश्लेषण कीजिये।
4. आधुनिक काल में बिहार में तकनीकी शिक्षा के विकास से संबंधित महत्त्वपूर्ण बिंदुओं की विवेचना कीजिये।
5. विगत कुछ समय से देश में राष्ट्रवाद को नए तरीके से परिभाषित करने की कोशिश की जा रही है। अत: इस परिस्थिति में यह प्रश्न प्रासंगिक हो जाता है कि आखिर राष्ट्रवाद क्या है? इसे किस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है? इस संबंध में रवींद्रनाथ टैगोर के विचार को भी बताएँ।
6. आज़ादी के 70 वर्ष बाद भी कुछ परिवर्तनों के साथ आज भी भारत सरकार नेहरू द्वारा अपनाई गई विदेश नीति का ही अनुसरण कर रही है। इस संदर्भ में नेहरू की विदेश नीति के प्रमुख अभिलक्षणों को बताने के साथ ही वर्तमान में इसकी भारतीय हितों के अनुरूप प्रासंगिकता का भी परीक्षण कीजिये।

## खंड-II

7. विगत कुछ समय से 'एक देश-एक चुनाव' की बात जोर-शोर से उठ रही है। इस पृष्ठभूमि में इस प्रकार के चुनाव से होने वाले फायदे तथा इसके मार्ग में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाले।
8. वर्तमान परिदृश्य में समकालीन वास्तविकताओं को बेहतर तरीके से प्रतिबिंबित करते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में सुधार की तर्कसंगतता पर प्रकाश डालें। साथ ही हालिया घटनाक्रम के संदर्भ में भारत द्वारा स्थायी सदस्यता की दावेदारी से संबंधित चुनौतियों को भी उजागर करें।
9. "शिक्षा समवर्ती सूची का एक विषय है। केंद्र और राज्यों के बीच आम सहमति के अलावा सभी हितधारकों से विचार-विमर्श के बाद ही इस नई शिक्षा नीति को प्रभावी रूप से लागू किया जा सकता है।" हाल ही में कई राज्यों द्वारा केंद्र की प्रस्तावित नवीन शिक्षा नीति के विरोध की पृष्ठभूमि में इस कथन की तर्कसहित विवेचना कीजिये।
10. विगत कुछ वर्षों में बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागर में आने वाले चक्रवातों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। इस संदर्भ में हाल ही में बंगाल की खाड़ी में 'फानी' तथा अरब सागर में 'वायु' नामक चक्रवाती तूफानों की उत्पत्ति के कारणों की विवेचना के साथ-साथ इन चक्रवातों के नामकरण की पद्धति पर प्रकाश डालें।
11. देश में जब भी चुनाव होते हैं, उस समय चुनाव द्वारा आयोग के पास विभिन्न दलों द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें आती हैं। यह आदर्श आचार संहिता क्या है? इसकी विशेषताएँ बताने के साथ-साथ ही चुनाव आयोग के पास इसको क्रियान्वित कराने संबंधी अधिकारों को भी बताइये।

## खंड-III

12. **निर्देश:** निम्नलिखित ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

**विगत वर्षों में एक कंपनी द्वारा विनिर्मित और बेचे गए उत्पादों की संख्या (हज़ारों में)**



(क) वर्ष 2009 और 2008 में कंपनी द्वारा विनिर्मित उत्पादों की संख्या में क्या अंतर है?

(ख) वर्ष 2004 में कंपनी द्वारा बेचे गए उत्पादों की संख्या उस वर्ष उसके द्वारा विनिर्मित उत्पादों की संख्या का कितना प्रतिशत है? (दशमलव के बाद दो अंकों तक पूर्णांकित)

(ग) पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2006 में कंपनी द्वारा बेचे गए उत्पादों की संख्या में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है। (दशमलव के बाद दो अंकों तक पूर्णांकित)

(घ) वर्ष 2007 में और वर्ष 2005 में कंपनी द्वारा नहीं बेचे गए उत्पादों की संख्या का क्रमशः अनुपात क्या है?

(ड.) सभी वर्षों में मिलाकर कंपनी द्वारा विनिर्मित उत्पादों की औसत संख्या लगभग कितनी है?

13. **निर्देशः** इन प्रश्नों का उत्तर देने के लिये नीचे दिये गए ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये-

**5 कॉलेजों से अलग-अलग पेयों को पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या**




(क) कॉलेज के कुल विद्यार्थियों की संख्या में किस कॉलेज के विद्यार्थियों का सर्वाधिक प्रतिशत कॉफी पसंद करता है?

(ख) कॉलेज S से चाय और कोला पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या का कॉलेज T से कॉफी और कोला पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या से क्या अनुपात है?

(ग) सभी कॉलेजों से चाय पसंद करने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या सभी कॉलेजों को मिलाकर कुल विद्यार्थियों की संख्या का कितना प्रतिशत है?

(घ) सभी कॉलेजों को मिलाकर कॉफी पसंद करने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या क्या है?

14. **निर्देशः** इन प्रश्नों का उत्तर देने के लिये नीचे दिये गए पाई-चार्ट का ध्यान से अध्ययन कीजिये।

**छः अलग-अलग विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों का प्रतिशतवार विभाजन शिक्षकों की कुल संख्या = 1800 शिक्षकों का प्रतिशत**




(क) रसायन, अंग्रेज़ी और जीवविज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षकों की कुल संख्या क्या है?

(ख) अंग्रेज़ी और भौतिकी को मिलाकर पढ़ाने वाले शिक्षकों की कुल संख्या तथा गणित और जीवविज्ञान को मिलाकर पढ़ाने वाले शिक्षकों की कुल संख्या के बीच क्या अंतर है?

(ग) गणित पढ़ाने वाले शिक्षकों और हिंदी पढ़ाने वाले शिक्षकों का क्रमशः अनुपात क्या है?

(घ) गणित के शिक्षक 50 प्रतिशत बढ़ा दिये जाएँ और हिंदी के शिक्षक 25 प्रतिशत कम कर दिये जाएँ तो गणित और हिंदी के शिक्षकों को मिलाकर कुल संख्या क्या होगी?

15. **निर्देशः** निम्नलिखित आरेखों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर प्रश्नों का उत्तर दें-




**एक कक्षा के विद्यार्थियों का जाँच परीक्षा में प्रदर्शन**




**प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का**
**जाँच परीक्षा में प्रदर्शन**

(क) यदि परीक्षा में उत्तीर्णांक 30 हो तथा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने की अंक सीमा 60 हो तो अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या का कितना प्रतिशत है?

(ख) 90 से 95 के बीच में अंक पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या और 45 से 60 के बीच में अंक पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात क्या होगा?

(ग) 75 से कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 75 या 75 से ज़्यादा अंक पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या का कितना प्रतिशत है?

(घ) निम्नांकित में से अंकों के किस अंतराल में सबसे कम विद्यार्थी हैं?

(ङ.) संस्थान के कुल कितने प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए? जबकि परीक्षा में उत्तीर्णांक 30 हो।